भारत सरकार

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.: 541

उत्तर देने की तारीख: 03.02.2026

सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारी

541. श्रीमती शताब्दी राय बनर्जी:

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में वर्ष 2014 से अब तक सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान हुई मौतों की वर्षवार कुल संख्या कितनी है; और

(ख) उन मामलों की संख्या का वर्षवार ब्यौरा क्या है जिनमें मुआवजा जारी नहीं किया गया है?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(श्री रामदास आठवले)

(क): राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (एनसीएसके) द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, वर्ष 2014 से सीवर और सेप्टिक टैंकों की जोखिमपूर्ण सफाई के कारण अपनी जान गंवाने वाले सफाई कर्मचारियों का वर्ष-वार ब्यौरा **संलग्नक-I** में दिया गया है।

(ख): ऐसे मामले, जिनमें मृतक सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों के कानूनी उत्तराधिकारियों/आश्रितों को मुआवजा जारी नहीं किया गया है, की वर्ष-वार संख्या का ब्यौरा **संलग्नक-II** में दिया गया है।

संलग्नक-I

'सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारी' के संबंध में 03.02.2026 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 541 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक-I

सीवर और सेप्टिक टैंकों की जोखिमपूर्ण सफाई के कारण अपनी जान गंवाने वाले सफाई कर्मचारियों का वर्षवार विवरण (31.12.2025 तक) निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	**वर्ष**	**मौतों की संख्या**
1.	2014	58
2.	2015	71
3.	2016	62
4.	2017	111
5.	2018	74
6.	2019	131
7.	2020	40
8.	2021	62
9.	2022	88
10.	2023	65
11.	2024	54
12.	2025	43
कुल		**859**

संलग्नक-II

"सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारी' के संबंध में 03.02.2026 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 541 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक-II

ऐसे मामले, जिनमें मृतक सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों के कानूनी उत्तराधिकारियों/आश्रितों को मुआवजा जारी नहीं किया गया है, की वर्ष-वार संख्या का ब्यौरा (31.12.2025 तक) निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	**वर्ष**	**ऐसे मामलों की संख्या जिनमें मुआवजा जारी नहीं किया गया है**
1.	2014	-
2.	2015	2
3.	2018	3
4.	2019	4
5.	2022	3
6.	2023	4
7.	2024	15
8.	2025	15
कुल		**46**

*****